State Governments for taking strict action against corruption and misuse of funds under JRY. Instructions have been issued to the Collectors/Project Officers, DRDAs, during the annual workshops, to deal firmly with cases of misappropriation, embezzlement, corruption etc. With the enactment of Constitution (Seventy-third Amendment) Act, 1992, the establishment and duration of State Panchayati Raj Institutions (PRIs) have been ensured. The PRIs will also have adequate powers to check any misuse of funds under JRY.

रोजगार योजना के अन्तर्गत रोजगार के अवसर

1514. **श्री वीरेन जे० शाह :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने वर्ष 1983–84 में एक स्व-रोजगार योजना प्रारंभ की थी ;

(ख) क्या इस योजना के अन्तर्गत रोजगार के नये अवसर पैदा करने के लिये वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किये जाते हैं ;

(ग) यदि हां, तो योजना के प्रारंभिक वर्ष 1983–84 में इस संबंध में क्या वार्षिक लक्ष्य रखा गया था ;

(घ) इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1992–93 के लिये क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये थे और उपलब्धियां क्या रही थीं ; और

(ङ) वर्ष 1993–94 के लिये क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं और इस योजना के अन्तर्गत कुल कितने युवाओं को लाभ पहुंचने की संभावना है ?

उद्योग मंत्रालय (लघु उद्योग और कृषि तथा ग्रामीण उद्योग) में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम्) : (क) और (ख) जी, हां ।

(ग) प्रारंभिक वर्ष 1983–84 के लिये वार्षिक लक्ष्य 2.50 लाख लाभार्थी निर्धारित किया गया था ।

(घ) वर्ष 1992–93 के लिये निर्धारित लक्ष्य 1.00 लाख लाभार्थी था । 70344 मामलों में ऋण स्वीकृत किये गये जो लक्ष्य का 70.34 प्रतिशत बनता है ।

(ङ) वर्ष 1993–94 के लिये लक्ष्य 1.26 लाख लाभार्थी निर्धारित किया गया है यदि उपलब्धि शत-प्रतिशत होती है तो इसका अर्थ होगा कि वर्ष 1993–94 के दौरान देश के 1.26 लाख युवाओं को लाभ प्राप्त होगा ।

ग्रामीण विकास के लिए योजनाओं और कार्यक्रमों का ब्यौरा

1515. **श्री वीरेन जे० शाह :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में ग्रामीण विकास के लिये सरकार द्वारा अनेकों कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो ऐसे कार्यक्रमों/योजनाओं का ब्यौरा क्या है ;

(ग) वर्ष 1992–93 के लिये वार्षिक बजट में इन योजनाओं/कार्यक्रमों में से प्रत्येक के कार्यान्वयन के लिये सरकार द्वारा अलग-अलग कितनी-कितनी धनराशि आवंटित की गई है ;

(घ) वित्तीय वर्ष के दौरान आवंटित राशि में से भिन्न-भिन्न योजनाओं पर वास्तव में अलग-अलग कितनी-कितनी राशि व्यय की गई है ;

(ङ) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा आवंटित धनराशि को प्रशासनिक